# नगर आयुक्त के निर्देशन में शहर के 60 वार्डों में कराया गया सैटाइज़ेशन कार्य

**शाहजहांपुर।** कोविड.19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देष के क्रम में कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण को निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विषेष सफाई एवं सेनेटाइजेषन का अभियान संचालित गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देष पर नगर में विषेष सेनेटाइजेषन अभियान संचालित किया गया। जिसके दृष्टिगत जोन.1 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार द्वारा बाडुजई पेशावरी, खटकाना, एमनजई जलालनगर, दिलाजाक, गदियानाए सिविल लाइन, मोहनगजं, मोटर वाहन, ऑफीसर्स कॉलोनी, कचहरी, कलेक्ट्रेट, रामनगर कॉलोनी में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर रेती, सराय काईयांए दलेलगजंए तारीन गाड़ीपुरा, रोशनगजं, बजीरगजं, गड़ी गाड़ीपुरा, आदर्शनगर कॉलोनी, फत्तेपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त संतोष कुमार के निर्देष पर नगर में बने धार्मिक स्थलों, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 101076 भवनो 500 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, 5 मुख्य बाजारों जैसे. बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्द्रजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्पए हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, इसी क्रम में नगर आयुक्त के निर्देष पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र के मो०. रामनगर कॉलोनी, खटकाना में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य अपनी देखरेख में कराया गया। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० ओ०पी० गौतम एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार उपस्थित रहे।

# नगर निगम द्वारा बरसात से पूर्व कराई जा रही नालों की साफ़ सफ़ाई

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार षर्मा के निर्देषानुसार कोविड.१९ के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज सफाई जोन.1 निषात टॉकीज एवं निसरजई में बने नाले नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक पवन कुमारए सफाई जोन.2 में मगंल सिंह की ठेकी के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक राजकुमार तथा सफाई जोन.४ में मुमुक्ष आश्रम से वृदांवन कॉलोनी तक बने नाले की सफाई का कार्य जे०सी०बी० द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक रामबाबू की देख रेख में कराया जा रहा है। सफाई जोन.5 के मो०. बिसरात रोड पर बांसों की ठेकी के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में ;डीप ड्रेनद्ध छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त के निर्देष पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० ओपी गौतम द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को कोरोना कोविड.19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाषीघ्र कराये जाने हेतु निर्देषित किया गया।